
8. स्रोत्याय –

♦ नमः स्रुत्याय च पथ्याय च नमः काट्याप च नीप्याय च। नमः कुल्यात च सरस्याय च नमौ नादेयाय च वैशन्ताय च।शु. यजु. 16/37

श्रीमदभागवद्गीता में स्रोतस–

भगवद्गीता अर्थात ईश्वर का संगीत। सामान्यतः इसे गीता भी कहते है और यह महाभारत का एक अंश है। इसमें नव द्वार के बारे में बताते हुए स्रोतस के स्थान पर द्वार शब्द से स्रोतस बताया है।

♦ सर्वकर्माणि मनसा सन्यस्याऽऽस्ते सुखं वशी। नव द्वारे पुरे देही नैव कुर्वन्न कारयन्।।

–श्रीमदभगवत गीता 5/13

उपनिषद में स्रोतस

उपनिषद शब्द उप (समीप) और नि (ध्यानपूर्वक उचित स्थान), षद (पास में बैठना)से बना है। उपसर्ग पूर्वक सद धातु से निष्पन्न होता है। उपनिषद हिन्दू धर्म ग्रन्थ है जो वेदांत की मूलभूत शिक्षाओ को दर्शाते है। उपनिषदों ने हिन्दू दर्शन पर विशेष प्रभाव डाला है। उपनिषद का अर्थ है– शिष्य का गुरु के समीप ध्यानपूर्वक परम तत्त्व का गूढ़ उपदेश सुनने के लिए बैठना।

श्वेतरोपनिषद के द्वितीय अध्याय में मनोवाही स्रोतस का वर्णन करते समय स्रोतस शब्द आया है।

- तिलेषु तैलं दधनीव सर्पि रापः स्रोतः, स्वरणीषु चाग्नि । श्वेता. उपनिषत् 1/15
- बह्योडुपेन प्रतरेत् विद्वान स्रोतांसि सर्वाणि भयावहानि । श्वेताश्तरोउपनिषत् 2/8

  आत्मोपनिषद में भी स्रोतस शब्द से वहन को बताया है ।
- 27.इतस्तत चाल्पमानो यन्किचिंत्प्राणवायुना। स्रोतसा नीयते दारू यथा निम्नोन्नतस्थलम्।। आत्मोपनिषत् 1/18

गोभिल गृह्य सूत्र में सप्त बाह्य स्रोतस जिसे सप्तखानि स्रोतस भी कहते है।

श्वेताश्वारोपनिषद के तृतीय अध्याय में मनोवाही स्रोतस का वर्णन करते समय स्रोतस शब्द का उल्लेख आया है। तथा गोभिल गृह्य सूत्र में सप्त बाह्य स्रोतस नाम से वर्णनं आया है।

पुराणों में स्रोतस–

पुराण हिन्दुओं के धर्म सम्बन्धी आख्यान ग्रन्थ हैं जिनमे संसार के ऋषियों, राजाओं के वृतांत आदि है। पुरा शब्द का अर्थ है – अतीत। अण शब्द का अर्थ होता है कहना या बतलाना। पुराणों की संख्या प्राचीन काल से 18 मानी गयी है। इनमे से एक पद्म पुराण के शरीरोत्पत्ति अध्याय में स्रोतस का उल्लेख आया है।

पुराण साहित्यिक और आध्यात्मिक ज्ञान का विशाल ग्रन्थ है जो भूत, भविष्य और वर्तमान पर प्रकाश डालते हैं। ऐसा माना जाता है कि पुराण इस संपूर्ण संसार में पौराणिक गाथाओं का समृद्ध ग्रन्थ है। इनमे से प्रत्येक पुराण भजन, कहानियों, ज्ञान, निर्देशों (जो पवित्र अनुष्ठानों से सम्बंधित है) से भरा हुआ है। ये ग्रन्थ ही हिन्दू पुराण कथा के शास्त्र का भण्डार हैं। इनमें ब्रह्माण्ड ज्ञान तथा यह ब्रह्माण्ड हमारे जीवन को कैसे प्रभावित करता है –सब बताया गया है। मुख्य रूप से 8 पुराण हैं जिसमे से पद्म पुराण में शरीरोत्पत्ति अध्याय में स्रोतस का वर्णन आया है जिसका अर्थ वहन से लिया गया है। (पदम् पुराण शरीरोत्पत्ति अध्याय–73)

यूनानी पद्धति में स्रोतस

यूनानी पद्धति और आयुर्वेद में काफी साम्यता है । यूनानी लोगो का मत है कि सम्पूर्ण शरीर स्रोतस से निर्मित है जिसे पेतु कहते है तथा स्रोतस में अवरोध होने से रोग उत्पन्न होते है ।

स्रोतस शब्द की उत्पत्ति –

1. शब्दकल्पद्रुम के अनुसार – संस्कृत मूल स्रुगतौ शब्द से स्रोतस की निरुक्ति बताई गयी है। स्रोतस् – स्रु गतौ धातु + असुन् प्रत्यय + तुट् प्रत्यय
2. अमरकोष के अनुसार – जिन मार्गो में प्रा.त रूप से सरण होता हो –स्रोतोऽम्बु सरणम् स्वतः। अमरकोश 1/10/10

3. वाचस्पत्यम एवं वैद्यक शब्द सिन्धु के अनुसार– शरीर के छिद्र एवं द्वार को स्रोतस कहते हैं।

4. आचार्य चरक ने चरक संहिता के सूत्र स्थान के अर्थेदशमहामूलीय अध्याय में स्रोतस का वर्णन किया है–स्रवणात् स्रोतांसि।

अर्थात् जो स्रवण करते हैं (द्रव द्रव्य–उनमें से निकलता है) उन्हें भी स्रोतस् कहा है । इस व्याख्या के अनुसार शरीर में जो अंतस्त्वचारूप पतली कलाएँ हैं तथा जो कला प्रत्यंगो को अंततः आवरण किये रहती हैं उन्हें ही स्रोतस कहा जाना चाहिये। चरक विमान स्थान में स्रोतस के बारे में कहा गया है कि जिस पुरुष में मूर्तिमान भाव है उतने ही इस पुरुष के स्रोतस भेद एवं प्रकार है । इसलिए आयुर्वेदीय शारीर वेत्ताओं का विचार है कि शरीर में स्रोतस असंख्य है तथा पुरुष स्रोतों का समुदाय है ।

अपि चैके स्रोतसामेव समुदायं पुरुषमिच्छन्ति।

–च.वि. 5/4

कोई आचार्य तो स्रोतसों के समुदाय को ही पुरुष कहते है।

5. चक्रपाणिदत्त के अनुसार

स्रवणादिति रसादेरेव पोष्यस्य स्रवणात्। सरणाद् देशान्तरगमनाद् । च.सू. 30/12 पर चक्रपाणि

जिनके द्वारा पोष्य रसादि का स्रवण हो । जिन शरीरस्थ कोशिकाओं का पोषण स्रवण विधि द्वारा हो, उस मार्ग को स्रोतस कहते है।

6. कविराज गंगाधर के अनुसार जिन मार्गों के द्वारा सम्पूर्ण शरीर में रस एवं धातु का वहन होता हो

स्रवणाद् रसादिस्राव पथत्वात् स्रोतांस्युच्यते। गंगाधर

स्रोतस के पर्याय–

स्रोतांसि, सिराः, धमन्यः, रसायन्यः, रसवाहिन्यः, नाड्यः, पन्थानः, मार्गाः, शरीरच्छिद्राणि संवृतासंवृतानि, स्थानानि, आशयाः, निकाह शरीरधात्ववकाशानां लक्ष्यालक्ष्याणां नामानि भवन्ति। तेषां प्रकोपात् स्थानस्थाश्चौव मार्गगाश्च शरीरधातवः प्रकोपमाप ।न्ते, इतरेषां प्रकोपदिलराति च । स्रोतांसि स्रोतांस्येव, ध ातवश्च धातूनेव प्रदूषयन्ति प्रदुष्टाः । तेषां सर्वेषामेव वातपित्तश्लेष्माणः प्रदुष्टा दूषयितारो भवन्ति, दोषस्वभावादिति। च.वि.5/9

स्रोतस, सिरा, धमनी, रसायनी, रसवाही नाड़ियां, नाड़ी, पन्थान, मार्ग, शरीर के छिद्र, बन्द एवं खुले हुई छिद्र, स्थान, आशय तथा निकेत ये सब शरीर के अन्दर दिखाई देने या न देने वाले खाली स्थानों के नाम होते हैं। उनके प्रकोप से स्थानगत एवं मार्गगत धातुएं प्रकुपित हो जाती हैं तथा अन्य स्रोतवाही दोषों के प्रकोप से अन्य धातुएं दूषित होती हैं। स्रोतस् के द्वारा स्रोतस् की तथा धातुओं के द्वारा धातुओं की पुष्टि होती है। उन सभी (स्रोतस् एवं धातुओं) में वातपित्त व कफ स्वभाव से ही दूषित होकर दूसरी धातुओं एवं स्रोतसों को दूषित करते हैं।

आचार्य वाग्भट ने काय, जीवित आयतन, द्वाराणि भी स्रोतस के पर्याय बताये हैं।

स्रोतस की परिभाषा

चरक के अनुसार परिणाम को प्राप्त होने वाली धातुओं के अभिवहन का कार्य स्रोतस् ही करते हैं। अतः स्रोतस् का प्रयोग 'अयनश्च अर्थ में हुआ है।

सर्वे हि भावाः पुरुषे नान्तरेण स्रोतांस्यभिनिर्वर्तन्ते, क्षयं वाऽप्यभिगच्छन्ति।

स्रोतांसि खलु परिणाममाप।

मानानां धातुनामभिवाहीनि भवन्त्ययनार्थेन।। च.वि. 5/3

सुश्रुत के अनुसार शरीर में मूल छिद्र से प्रसृत तथा रस का वहन करने वाले अंतर अर्थात छिद्र अर्थात अवकाश को स्रोतस जानना चाहिए ।

मूलात् खादन्तरं देहे प्रसृतं त्वभिवाहि यत् । स्रोतस्तदिति विज्ञेयं सिराधमनिवर्जितम् ।। सु.शा. 9/13

स्रोतों की अपरिसंख्येयता–

सर्वशरीरगत अवयवों में व्याप्त होने के कारण, सर्व शरीर में गति करने के कारण तथा दोषों के प्रकोप प्रशमन के कारण कुछ लोग स्रोतस् के समुदाय को ही पुरुष स्वीकार करते हैं। जबकि ऐसा नहीं है– जिसके स्रोतस् हैं, जिनका वहन इनके द्वारा होता है, जिन द्रव्यों का इनसे निस्सरण होता है तथा जिस स्थान पर ये स्थित होते हैं, वे सब इनसे (स्रोतसों) पृथक् है। अत्यधिक होने के कारण कुछ इन्हें अपरिसंख्येय बतलाते है तथा कुछ लोग संख्येय बतलाते हैं। सर्वत्र व्याप्त होने के कारण , दोषों के प्रकोपक और शामक आहारों के सर्व शरीर में गमन करने के कारण स्रोतों के समुदाय को ही पुरुष मानते है।

सन्दर्भ ग्रन्थ–सूची :

- चरक संहिता, श्री चक्रपाणि दत्त आयुर्वेद दीपिका हिंदी व्याख्या ए निर्णय सागर प्रेस, बाम्बे, पॉचवा संस्करण 2001
- चरक संहिता, श्री चक्रपाणीदत्त विरचिता आयुर्वेद दीपिका आयुषी विस्तृत हिंदी व्याख्या विभूषिता, वैद्य हरिशचन्द्र कुशवाहा, चौखम्भा ओरियन्तालिया, वाराणसी, पुनर्मुद्रित संस्करण, 2016, पेज 629–635
- सुश्रुत संहिता, श्री डलहणचार्य एवं श्री विरचित विस्तृत हिंदी व्याख्या, डॉ, के के ठकराल, चौखम्भा ओरियन्तालिया, वाराणसी, प्रथम संस्करण, 2014, पुनर्मुद्रित संस्करण, पेज 136–139
- ऋग्वेद संहिता, पंडित राम गोविन्द त्रिवेदी, प्रथम अष्टक, चौखम्भा विद्या भवन वाराणसी, पेज संख्या 431
- चरक संहिता, श्री जेज्जट विरचिता निरन्तर पद व्याख्या, मोतीलाल बनारसी दास, वाराणसी, पुनर्मुद्रित संस्करण, 1940
- गणनाथ सेन, प्रत्यक्ष शारीरं, चारूचंद प्रकाशन, तृतीय संस्करण
- कराम्वेलकर, अथर्ववेद और आयुर्वेद, चौखम्भा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी, द्वितीय संस्करण, 2003, पेज 100.
- लालचंद्र वैद्य, अष्टांग हृदय सर्वांग सुंदरी व्याख्या, मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशन, 1990.
- मोनिएर विलियम, संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी, मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशन, दिल्ली, 1999
- मूर्ति के.आर., भाव प्रकाश इंग्लिश व्याख्या, कृष्णदास अकादमी, वाराणसी प्रथम संस्करण, 1998,
- मूर्ति के. आर., श्रीकांत, शारंगधर संहिता इंग्लिश व्याख्या, चौखम्भा ओरिएन्तालिया, वाराणसी, चतुर्थ संस्करण, 2001.
- श्री राम शर्मा, उपनिषद, (108) द्वितीय संस्करण, 1993, संस्कृत संस्थान, बरेली.
- सुश्रुत संहिता, आयुर्वेद तत्व संदीपिका हिंदी व्याख्या, कविराज अम्बिकादत्त शास्त्री, चौखम्भा संस्कृत भवन, वाराणसी, ग्यारहवा संस्करण, 1997
- प्रेमवती तिवारी, आयुर्वेदीय प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग, चौखम्भा ओरिएन्तालिया, वाराणसी, द्वितीय संस्करण, 1996.
- आशुतोष कुमार यादव, प्राण वह स्रोतस एवं इसका विकृतिजन्य अध्ययन, का.हि.वि.वि., 2004

आयुर्वेद की संहिताओं में वर्णित गर्भजन्यविकृतियाँ

– अनुभा श्रीवास्तव[1], अन्जना सक्सेना[2], आशुतोष यादव[3]
e-mail : hianubha27@gmail-com

प्रस्तावना–

आयुर्वेद चिकित्सा विधा अनादि शाश्वत एवं सारगर्भित आयुर्वेद संहिताओं में वर्णित प्रसंग सूत्र आज भी उतने ही व्यावहारिक है जितने ये पूर्व काल में रहे होंगे। जैसा कि हम सब जानते है कि आधुनिक चिकित्सा से हम सभी रोगों या विकृतियो का निवारण नहीं कर पाते हैं। आज भी पूरी दुनिया गर्भजन्यविकृतियाँ जैसे कि Hydrocephaly, Meningomylocoel, Cleft palate, syndacyly, polydactyly, Autism, Down's syndrome, ADHD कुब्ज, कुणि, मूक, मिनमिन एवं अन्य आयुर्वेद वर्णित विकृतियों की सार्थक चिकित्सा नही कर पायी है वहीं आयुर्वेद संहिता ग्रंथो में गर्भजन्य–विकृतियों का प्रासंगिक वर्णन करते हुए उनके विभिन्न कारण एवं साथ ही ये विकृतियाँ उत्पन्न न हो उसके लिए माता के आचार, आहार, विहार का वर्णन किया है आयुर्वेद में वर्णित आहार–विहार दिनचर्या का पालन कर गर्भिणी एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे तथा स्वस्थ समाज एवं देश में उसका योगदान सम्पूर्णरूप से हो।

गर्भ विसङ्गतियाँ और गर्भजन्यविकृतीयाँ :–

(1) आयुर्वेद मतानुसार

आयुर्वेद संहिताओं में गर्भजन्यविसङ्गति एवं गर्भजन्य विकृतियों का विश्लेषण अत्यन्त विस्तार से किया गया है । आयुर्वेद मतानुसार गर्भ की जन्म के साथ प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से होने वाली विकृतियाँ अर्थात् विकृत, हीन, अधिक, कम विकल इन्द्रियों का होना, गर्भ जन्य विकृतियाँ होती है।

आचार्य चरकानुसार :–

'कस्मात् प्रजां स्त्री विकष्तां प्रसूते हीना–धिकाविकलेन्द्रियाँ वा। (चरक शारीर स्थान 2/28)

क्या कारण है जिससे स्त्री हीन या अधिक, या विकलेन्द्रिय (इन्द्रिय शून्य) संतान को जन्म देती है।

बीजात्मकर्माशयकालदोषैर्मातुस्तथाऽऽहार विहार दोषैः।

कुर्वन्ति दोषा विविधानि दुष्टाः संस्थान वर्णेन्द्रिय वैकष्तानि।। (चरक शारीर स्थान 2/29)

वर्षासु काष्ठाश्मधनाम्बु वेगास्तरोः सरित्स्रोतसि सस्थितस्य।

अथैव कुर्युविकृतिं तथैव गर्भस्य कुक्षौ नियतस्य दोषाः।। (चरक शारीर स्थान 2/30)

जब बीज अर्थात् शुक्र शोणित, पूर्वजन्म कृत अशुभ कर्म, गर्भाशय विकृति, कालदोष, माता के गर्भावस्था मिथ्या आहार–विहार करने से तथा अन्य विविध कारणो से विकृत वातादि दोष, गर्भ की आकृति (संस्थान) वर्ण और इन्द्रियों को विकृत कर

[1]असिस्टेंट प्रोफेसर, रचना शरीर विभाग, [2]असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, [3]एसोसिएट प्रोफेसर, रचना शरीर विभाग, राजकीय आयुर्वेद स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, वाराणसी, उ0प्र0

देते है। जिस प्रकार वर्षाकाल में संयोजगवश यदि वृक्ष नदी के स्रोत में गिर जाये, तो जिस प्रकार काष्ठ, पत्थर से संयुक्त होने पर, नदी के भंयकर वेग उसे अनिश्चित रुप से विकृत कर देते है, वैसे ही गर्भाशय में विकृत वातादि दोष गर्भ को अनिश्चित रुप से विकृत कर देते है।

आचार्य उवाच–

''यदा स्त्रिया दोष प्रकोपणोक्तान्यासेवमानाया दोषाः प्रकुपिता''। (चरक शारीर स्थान 4/30)

जब स्त्री, वातादिदोषों को प्रकुपित करने वाले आहार–विहार का सेवन करती है तो वातादि दोष कुपित होकर, शरीर में फैलते हुए रक्त और गर्भाशय को प्राप्त करते है, परन्तु सम्पूर्ण रक्त अथवा गर्भाशय को दूषित नहीं करते है ऐसी स्थिति में जब स्त्री गर्भधारण करती है तो उस गर्भ के मातृज एवं पितृज अवयवो या किसी एक या अधिक अवयवो में विकृति उत्पन्न हो जाती है। जिस–जिस अवयव के बीज में अथवा बीज भागों में दोष प्रकुपित होते है उन–उन बीजों या बीज भागों से उत्पन्न होने वाले अवयवो में विकृति होती है।

आचार्य सुश्रुतानुसार :–

सर्पवृश्चिककूष्माण्ड विकृताकृतयश्च येः

गर्भास्त्वेते स्त्रियाश्चैव श्रेयाः पापकृता भृशम्। (सुश्रुत शारीर स्थान 2/52)

गर्भो वातप्रकोपेण दौह्दय वावमानिते

भवेत् कुब्जः कुणि पंगुर्मूको मिन्मिन एव च

मातापित्रोस्तु नास्तिक्यादशुभैश्च पुराकृतैः ।

सर्प, वृश्चिक कूष्माण्ड आकार के जो विकृत गर्भ, जो स्त्रियो को होते हैं वे अधिकांशत उनके पूर्व कृत पाप कर्म से होते है तथा गर्भावस्था में वात प्रकोप से, दौह्रद अवमानना से उत्पन्न होने वाला गर्भ–कुबड़ा कुणि, पङ्गु मूक अथवा मिन्मिन (जिसका उच्चारण नासा से होता है) आदि विकृतियों से ग्रसित होता है। साथ ही माता–पिता की नास्तिकता से, पूर्वजन्मकृत अशुभ कर्मो से और वातादि दोषों के प्रकोप से विकृत गर्भ उत्पन्न होता है।

आचार्य वाग्भट के अनुसार :–

वातलैश्च भवेद्गर्भ कुब्जानध जड़वामनमः ।

पित्तैलः खलतीः पिंगः श्वित्री पांडु कफात्मभिः।।

(अष्टांग ह्रदय शारीर स्थान अ0 1/48)

वातप्रधान वस्तुओ के अधिक सेवन से गर्भ कुबड़ा अंधा जड़ तथा बौना (वामन्) होता है। पित्त प्रधान वस्तुओं के सेवन से गंजा तथा पिंगल वर्ण तथा कफप्रधान वस्तुओं के सेवन से श्वित्र तथा पाण्डु का रोगी होता है।

अर्थात् आयुर्वेद की प्राचीन संहिताओं में गर्भजन्य विकृतियाँ (बर्थ डिफेक्ट) का सम्यक् वर्णन है जिसमें शरीर की विकलांगता (कुब्ज, वामन पङगु) तथा जड़ अन्धता जैसी जन्मजात विकृतियों को भी वर्णित किया गया है।

आचार्य हारीत के अनुसार :–

विरुद्धवाहसेवाभिस्तथा गर्भव्यथासु च ।

अतिमुर्दनपीडायाः पीडा प्राप्नोति चागर्भकः ।।

तिर्यग्वापि च गर्भस्य व्यक्ता द्वारं भगस्य ।

अन्यदवा म्रियतेअपत्यम तेन कष्टं प्रपदयते ।।

हारीतजी ने कहा है कि विरुद्ध आहार के सेवन से गर्भ में विघ्न पडने या गर्भस्थ शिशु के

मस्तक में वेदना होने से गर्भ पीडा होती है । गर्भ सीधा न रहकर तिरछा हो जाता है अथवा गर्भ के मृत होने से कष्ट की अनुभूति होती है ।

(2) आधुनिक मतानुसार टेरोटोलाजी (Teratology) और गर्भजन्य विकृतियाँ :–

टेराटोलाजी शब्द की उत्पत्ति 1830 में ग्रीक वर्ड 'टेरास' से हुई है जिसका अर्थ मोनेस्टर या मारवल या राक्षस होता है जो कि विकृति दर्शाता है। आधुनिक परिवेश में टेरोटोलाजी बर्थ डिफेक्ट और मालफारमेशन को वर्णित करता है। इसके अतिरिक्त कुछ और टर्म बर्थ डिफेक्ट के समानार्थी है जैसे–

कन्जाइनाइटल एनामली, कन्जाइनाइटल फिजिकल एनामली (congenital Physical anomalies), कन्जाइन्टल माल फारमेशन, कन्जाइनाइटल जेनेटिक डिसआडर (congenital Genetic disorders) आदि।

टेरोटोलाजी (Teratology) चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जिसके अन्तर्गत जन्मजात असामान्यताओं और विकृतियों का अध्ययन किया जाता है, ये विकृतियाँ मानसिक और शारीरिक दोनो प्रकार की होती है।

प्रकार :–

(1) कुछ जन्मजात विकृतियाँ शरीर रचना में होती हैं एवं ये शारीरिक सुन्दरता कम कर देती हैं, परन्तु यह साधारण समस्या के रुप में होती है जैसे–

(क) पाँचवी अगुंली की वक्रता।

(ख) तीसरे स्तन्य चुचुक (Third nipple) की उपस्थिति।

(ग) छँठवीं अगुली की उपस्थिति।

(घ) रीढ़ की निचले पार्ट में गड्ढ़े (dimples) की उपस्थिति आदि।

(2) कुछ जन्मजात विकृतियाँ जो शारीरिक रचना के आधार पर एवं हानिकारक होती है।

माइक्रोसेफेली, हाइड्रोसेफेली, एनासेफेली, मैनिंगो माइलोसील (Menigo mylocoel), क्लैफ्ट पेलेट (Cleft Plate), क्लैफ्ट लिप्स (Cleft lips)

(3) कन्जेनाइटल मेंटाबालिक डिसीसेस (Congenital metabolic disorder) आदि भी जन्मजात विकृतियों के अन्तर्गत आती है।

(4) जेनेटिक डिसॉर्डर (Genetic disorder) ये भी सभी जन्मजात विकृतियाँ होती है जो जरुरी नहीं है कि जन्म के समय प्रदर्शित हो ये जीवन में देर से भी प्रकट होती है या जन्म के कुछ समय बाद पहचान में आती है। माँ के गर्भाशय में गर्भ बाहरी तत्वों (प्रतिकूल) से सुरक्षित रहता है, परन्तु 1960 में थैलोडामाइड डिसास्टर के बाद ये बात सामने आई की सभी नवजात शिशुओं में लगभग 3–5 प्रतिशत शिशु गर्भजन्य विकृतियाँ से ग्रसित रहते हैं जिनमें 65 प्रतिशत शिशुओं के विकृतियों का कारण नहीं पता चल पाता है। पहले ये माना जाता था कि मैमेलियन एम्ब्रियो जो गर्भाशय में विकसित हो रहा है वो माँ के गर्भ में बाहरी तत्वों के प्रभाव से (प्रतिकूल) सुरक्षित रहता है, परन्तु 1960 में थैलोडामाइड डिसास्टर के बाद ये बात सामने आयी कि ऐसा नहीं है गर्भस्स्थ शिशु पर भी बाहरी वातावरण का प्रभाव पड़ता है।

यूनाइटेड स्टेट में 20 प्रतिशत से भी ज्यादा नवजात शिशुओं की मृत्यु का कारण गर्भजन्य

विकृतियाँ है। जिसमें 7–8 प्रतिशत नवजात शिशुओं को वृहद चिकित्सा सेवा की जरुरत पड़ती है। अर्थात् टेरोटोलाजी विज्ञान की वह शाखा है जिसके अन्तर्गत हम, कारण, तरीका तथा असामान्य विकास एवं वातावरण के कारक (Factor) or टेरोटोजीनस के बारे में पढ़ते है। (Moore and Persaud, 2008) द्वारा–(Paleopathlogy of children, 2018)

जेम्स विलसन एवं फ्रेजरर द्वारा लिखित पुस्तक, (1977) ''हेण्ड बुक ऑफ टेरोटोलाजी'' (Handbook of Teratology) गर्भजन्य विकृतियों को समझने की स्टैण्डर्ड बुक है। तथा Wilson's 6 principles निरन्तर सांइटफिक रिसर्च एवं शिक्षा में मार्गदर्शन के लिए उपयोग की जाती है)। 2010. wiley-liss, Inc PMIO-20 706993 (Indexed for Medline)

टेरोटोजेनेसिस (Teratogenesis) :–

गर्भस्थ शिशु में, गर्भजन्य विकृति के पैदा होना या गर्भजन्य विकृतियाँ पैदा कराना (Induction) रिसर्च वर्क में होता है। टेरोटोजेनेसिस कहलाता है।

टेरोटोजिन (Teratogen) ऐजेन्ट :–

जो गर्भस्थ शिशु में विकृति पैदा करने के कारक है जैसे–रेडिएशन, इन्फेंक्शन (Infections), मेटाबॉलिक इमबेलेन्स (Metabolic imbalance), कुछ दवायें आदि।

टेरोटोजिनिक गुण ऑफ नारकोटिक ऐजेन्टः–

1. एल्कोहल :– फेशियल विकृति, डिफेक्टिव लिम्ब्स (Defective limbs), हार्ट (Heart)

2. निकोटिन :– (वजन कम होना) लो बर्थ वेट, प्री टर्म, श्वसन समस्याएँ सडन इनफेन्ट डेथ सिंड्रोम (Sudden infant death syndromes) अचानक से शिशु की मृत्यु होना।

3. मारीजुआना :– कम्पवात, स्मरण शक्ति (Memory) और बोलने की शक्ति का कम विकसित होना।

4. हेरोइन (Heroin) :– कम्पवात (Tremors), असामान्य रोना, असामान्य निद्रा मोटर कन्ट्रोल का कम विकसित होना, इरेटेविलिटि (Irritability)

5. कोकेन (Cocaine) :– हाइपरटेशन, हृदय सम्बन्धी समस्याएँ, याद करने की क्षमता का कम होना, शरीर विकास कम होना।

विमर्श :–

शुक्र–शोणित के स्वरुप का ज्ञान, उनके संयोग की प्रक्रिया, संयोग से उपरान्त उत्पन्न होने वाले भाव, आनुवंशिक सिद्धान्त, शुक्र–शोणित के बीज भाग, उनका परिवर्तन, लिङ्गभेद के कारण एवं आकृति देने वाले कारणों के साथ वृति का भाव एवं अंग–प्रत्यंगो का उत्पत्तिक्रम तथा गर्भ के पोषण आदि प्रक्रिया एवं सिद्धान्तों का विस्तृत वर्णन आयुर्वेद संहिताओं में किया गया है । आचार्य काश्यप ने गर्भावस्था की अवस्थाओं को वय के वर्गीकरण के साथ में बताया है। गर्भस्थ शिशु के भविष्य की वृद्धि एवं विकास में उसकी गर्भावस्था काल का बहुत महत्व होता है। शिशु के जीवन में सबसे ज्यादा वृद्धि एवं विकास की घटना उसके जन्म से पहले होती है। यह बदलाव अधिक सोमेटिक (Physical part) होता है। एक सिंगल सेल अर्थात जायगोट 2–3 किलोग्राम के नवजात शिशु के रुप में जन्म

लेता है और उसका व्यवहार, मानसिक स्थिति भी इसी पर निर्भर करती है। अतः गर्भावस्था में होने वाला अच्छा या दूष्य प्रभाव गर्भस्थ शिशु को प्रभावित करता है एवं सुप्रजा अथवा मानसिक एवं शारीरिक विकलांगता युक्त शिशु के जन्म का कारण बनता है।

निष्कर्ष :–

आयुर्वेद की प्राचीन संहिताओं में गर्भजन्य विकषतियाँ (बर्थ डिफेक्ट) का सम्यक् वर्णन है जिसमें शरीर की विकलांगता कुब्ज, वामन, पङगु, जड़, अन्धा तथा वार्ता, तृणपुत्रिक, पूतिप्रजा, द्विरेता, पवनेन्द्रिय जैसी जन्मजात विकृतियां बीजभागावयव के दूषित होने से होती हैं जो आधुनिक मतानुसार वर्णित क्रोमोसोमल डिर्साडर से मिलती जुलती है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. "Birth Defects & Genetics: Birth Defects". Retrieved on 2007-05-30
2. Dicke JM (1989). "Teratology: principles and practice". *Med. Clin. North Am.* **73** (3): 567–82. PMID 2468064
3. ***a b*** Ronan O'Rahilly, Fabiola Müller (2001). *Human embryology & teratology*. New York: Wiley-Liss. ISBN 0-471-38225-6
4. James G. Wilson,. *Environment and Birth Defects (Environmental Science Series)*. London: Academic Pr. ISBN 0-12-757750-5
5. Bracken MB, Holford TR (1981). "Exposure to prescribed drugs in pregnancy and association with congenital malformations". *Obstetrics and gynecology* **58** (3): 336–44. PMID 7266953
6. King CR (1986). "Genetic counseling for teratogen exposure". *Obstetrics and gynecology* **67** (6): 843–6. PMID 3703408
7. Linnainmaa K (1983). "Sister chromatid exchanges among workers occupationally exposed to phenoxy acid herbicides 2,4-D and MCPA". *Teratog., Carcinog. Mutagen.* **3** (3): 269–79. doi:10.1002/1520-6866(1990)3:3<269::AID-TCM1770030306>3.0.CO;2-F. PMID 6137083
8. Vaglenova J, Birru S, Pandiella NM, Breese CR (2004). "An assessment of the long-term developmental and behavioral teratogenicity of prenatal nicotine exposure". *Behav. Brain Res.* **150** (1-2): 159–70. doi:10.1016/j.bbr.2003.07.005. PMID 15033289
9. Hunt JR (1996). "Teratogenicity of high vitamin A intake". *N. Engl. J. Med.* **334** (18): 1197. doi:10.1056/NEJM199605023341814. PMID 8602195
10. चरक संहिता, यदुनन्दन उपाध्याय, भाग–1, चौखम्भा पब्लिकेशन, वाराणसी– 2007
11. सुश्रुत संहिता, अम्बिकादत्त शास्त्री, भाग–1, चौखम्भा पब्लिकेशन, वाराणसी– 2008
12. अष्टांग हृदय, अत्रिदेव, चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी– 2005
13. काश्यप संहिता, प0 हेमराज शर्मा, चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी– 2010
14. हारीत संहिता, प0 हरिहर प्रसाद त्रिपाठी, चौखम्भा कृष्णदास एकेडमी, वाराणसी– 2009
15. Matters from different websites.

Dr. Ganga Sahay Pandey Memorial All India U.G. Essay Competition- 2020 (Gold Medal First Prize Winner)

AYURVEDA: OPENING NEW DIMENSIONS IN COVID ERA

- Diwas Kumar Sethi[1]
e-mail : diwassethi123@gmail.com

ABSTRACT :

The current COVID-19 pandemic is one of the worst healthcare challenges in recent decades, which has affected the humankind, societies, economy, healthcare services around the globe and will certainly going to reshape to a great extent the approach toward them as it continue to unfolds. A definite treatment and vaccine for this disease is not yet available, and the disease is spreading continuously worldwide. Highly contagious nature of the disease, efforts to search newer vaccines and drugs remains quite challenging, further the inevitability of future pandemics, the importance of preservation of health and immunity will certainly have a major role to play. The Ayurveda have description of epidemic, along with their management, under the heading Janapadodhwansa with their management. Also, Aupasargika Roga/ Sankramaka Roga (infectious diseases), indicates the significance attributed to contagious nature of the communicable diseases. Appropriate life-style measures such as good personal and social conduct, balanced nutritious diet, immune boosting as well as anti-viral herbs would complement to prevent and treatment of this diseases. This is an attempt to briefly review the new dimensions and Role of Ayurveda in the COVID era.

Keywords: *Ayurveda, COVID-19, Immunity, Health, Janapadodhwansa, Aupsargika roga*

INTRODUCTION:

Ayurveda's concept of diseases and treatments are different from other systems of medicine and with its wide scope embracing preventive, curative and positive aspects. The primary objective of Ayurveda is Swasthasya Swasthya Rakshanam (disease preventive and health promotive aspect).

प्रयोजनं चास्य (आयुर्वेदस्य) स्वस्थस्य स्वास्थ्यरक्षणमआस्तुरस्य विकारप्रशमनं च।

(C.S.Su.30/26)

Through Dinacharya (daily routine regime), Ritucharya (seasonal regime),

[1]*Final Year, B.A.M.S. Student, North Eastern Institute of Ayurveda and Homoeopathy (NEIAH), Mawdiangdiag, Sillong-793018*

Ahara-Vihara (diet and life style), Pathya-Apathya (do's and don'ts), Sadvritta, (social norms) and the real value of Ayurveda lies in its basic principles, including its unique concepts of Panchamahabhuta (Five elements), Prakriti (Constitution), Guna (Quality), Rasa (Taste), Agni (Gastric fire), Dosha (Humour), Dhatu (Tissues), Mala (Faeces), Srotas (Channels), and its personalized approach to Nidan (Etiology), Chikitsa (Treatment) and Rasayana (rejuvenation therapy) . It helps to prevent contagious diseases and maintain health of individuals as well as community.

The classical texts of Ayurveda describe many principles relevant to public health such as infectious disease, immunity, nutrition etc. Entire world is looking towards Ayurveda for prevention, treatment and also to reduce post COVID-19 complications. Despite worldwide efforts to contain it, the pandemic is continuing to spread for want of a clinically-proven prophylaxis and therapeutic strategy. The dimensions of pandemic require an urgent harnessing of all knowledge systems available globally. Utilization of Traditional Chinese Medicine in Wuhan to treat COVID-19 cases sets the example demonstrating that traditional health care can contribute to treatment of these patients successfully. Drawing on the Ayurveda classics, contemporary scientific studies, and experiential knowledge on similar clinical settings, here we propose a pragmatic plan for intervention in India. We provide a plan for graded response, depending on the stage of infection among individuals, in a population. Notwithstanding the fact that no system of medicine has any evidence-based treatment for COVID-19 as yet, clinical interventions are required to be put in place. Therefore, pragmatic strategy proposed here for Ayurveda system of medicine requires immediate implementation. It will facilitate learning, generate evidence and shall be a way forward.

WHO (World Health Organization) on 12th March,2020 on Corona virus disease -2019 (abbreviated "COVID-19") cases-"2,42,99,233" no's of confirmed cases and 8,27,730 deaths are reported as on 29th August,2020. (www.who.co.in). It is mostly similar to Severe Acute Respiratory Syndrome Corona Virus (SARS-CoV-2) and bat corona virus. The epicentre of this new strain of novel corona virus 2019 is Wuhan, Hubei, China identified in December, 2019. It is mostly similar to severe acute respiratory syndrome corona virus (SARS-CoV-2) and bat corona virus. The cases initially outbreak from Wuhan, but spread rapidly worldwide (www.who.co.in)

Fundamental and rationale thoughts Communicable disease and Ayurveda:

Sushruta describes the Sankramaka Roga as Aupsargika Roga (communicable or contagious diseases) that spread through coitus (syphilis, gonorrhoea), contact

(leprosy, chickenpox), droplet (Tuberculosis , Pneumonia) , dine together, (diarrhoea , typhoid), sleeping with (skin disorders), use of infectious clothes, garland, paste etc. (Su.S.Ni.5/32) Charaka states that root cause of Janapadodhvansa (epidemic fall down) is Adharma (unrighteousness/ bad conduct) which leads to Pragyaparadha (intellectual blasphemy, disturbance in intellect, memory disturbance). This ultimately polluted the environmental factors like air (Vayu), water (Jala), soil (Desh), and time (Kala). This vitiated Vayu (air, environment), Jala (water), Desha (region, state, country), Kala (Season) leads to ravage of Janapada (community).(C.S.Vi.3/ 6-10)

Sushruta also mentioned the consequences of epidemics in the classics as Kadachit Vyapanney Swapi Ritusu (derangement in seasons), Kritya (wrong Karma), Abhishap (curse of animals and kinds), Rakshas (demons, viruses, bacteria), Krodha (anger, disrespectful), vitiated air, vitiated water, nation specific convert are mutant etc. These results in manifestation of various diseases in community like fever, coughing, breathlessness, vomiting, running nose headache in form of epidemics (Marak).(Su.S.Su.6/19)

The aspect of epidemic care and restored well-being conditions may achieved via Sthana Parityaga (isolate from the affected area, change of place), Shantikarma (treatment, pacifying action), Prayaschit (atonement), Mangal (undertaking auspicious acts), Japa (repeated recitation of sacred incantations), Hom (lighting of sacrificial fires for air purification), Upahar (gift right scene),etc.(Su.S.Su.6/22)

Although the above aspects are older than modern science but still valuable in current scenario to prevent the spread of COVID-19.

Role of Ayurveda in Combating COVID-19:

The age old traditional system of medicine of India, Ayurveda sites certain concepts on targeting a disease management by uplifting the immunity of a person through use of various Dravyas(Substances)- pharmacological activity and non-pharamcological activity. Among the tri-dandas (concept of three factors which is responsible for keeping the Tri- dosas in homoeostasis), Ahara (Food) and Nidra (Sleep) will be discussed in context to the proposed hypothesis.

Diet: The quote Ahara Shudhhi Satva Suddhhi" clearly indicates that clean Ahara makes sanctified conscience. The intake of clean balanced diet at suitable place (with proper regards without any hurry-worry), Satva Guna Yukta Ahara, identified Ahara, in proper quantity and avoidance of incompatible diet are the general norms in traditionalpractices.

Bala/Oja (Immunity):

The concept of Oja or Bala mentioned in Ayurveda is indicative of innate immunity. Many Ayurvedic therapeutic procedures and herbal drugs are indicated for the enhancement of innate immunity (Vyadhikshamatva). It is achieved by two approaches viz., Vyadhi Bala Virodhitva &Vyadhyutpadaka Pratibandhakatva. Among them Vyadhibala virodhitva is achieved by improving the immunity of an individual's body, while Vyadhyutpadaka Pratibandhakatva is acquired by using certain Ayurvedic therapies. (C.S.Su/8/19) The contagious disease like COVID-19 mainly affects the immune compromised person and may results lethal.

Rasayana- (Rejuvenation and Immune enhancer):

In Ayurveda Rasayana therapy (antioxidant/ rejuvenation therapy) is most suitable for the enhancement of the immunity. Also, many herbs like Guduchi (Tinospora cordifolia (Thunb.) Miers), Bala (Sida cordifolia), Amalaki (Emblica Officinalis Gaerten), Yastimadhu (Glycyrrhiza glabra Linn), Ashwagandha (Withania somnifera (Linn.) Dunal), Tulsi (Occimum santum), Pippali (Piper longum L), as well as medicinal formulations like Chyavanaprasa, Vardhmana Pippali Rasayana, Agaystha Haritaki etc. potentially boost the Bala (immunity) of the persons. (C.S.Vi.3/14-17)

Dhupana (Fumigation methods):

Fumigation of the house and adjoining areas every evening with antimicrobials herbs. The combination of Sarsapa, Nimba Patra, Ghrita, Lavana (Salt) is practice as dhupan from the ancient time which act as antiseptic measures. Many herbal Dhupana Drvayas like Laksha (Laccifer lacca), Haridra, Ativisha (Aconitum hetrophyllum wall. ex royale), Tamal Patara (Cinnamomum Tamala) , Kushta (Saussurea lappa c.b.clerk),etc. also useful (Su.S.Su.19/28)

Gateway to new dimensions for Ayurveda:

Ayurveda has ability to treat many chronic diseases such as cancer, diabetes, arthritis, and asthma, which are untreatable in modern medicine. Unfortunately, due to lack of scientific validation in various concepts, this precious gift from our ancestors is trailing. Hence, evidence-based research is highly needed for global recognition and acceptance of Ayurveda, which needs further advancements in the research methodology.

The various fields of research including literary, fundamental, drug, pharmaceutical, and clinical research in Ayurveda. Encouraging young researchers to work on various areas of research for the development and promotion of Ayurveda.



There are many more dimensions to be taken care for Ayurveda to be part of **Central health care system** and the encouragement from the base for the students who are to join the Ayurveda UG course after the entrance withdraw the course due the lack of knowledge of Sanskrit in various parts of India especially NorthEast India, South India,etc, and for this the GOI should have strong implementation for the Sanskritam as a compulsory subject from the primary high school so that students are not afraid to face a new language all of a sudden to join Ayurveda and if it is implemented then we would see the best of results as we would see students reading Sahmitas and getting to the depth and starting the implementation of its actual meaning right from entering the course of Ayurveda with ease.

Improvement in quality of herbal drugs

Herbal extracts of therapeutic relevance are of great importance as reservoirs of structural and chemical diversity. Interestingly, more than 120 distinct phytochemicals from different plants have capability as lifesaving medicines. These compounds have been achieved through chemical and pharmacological screening of only 6% of the total plant species.

Moreover, a variety of drugs of immune-modulating capacity from traditional medicine can provide newer opportunities to improve therapeutic spectrum.

Active involvement of Government:

Some steps taken by Ministry of AYUSH during covid era, following the Dinacharya, mantaining hygiene, other existing immunity boosting measures as advised by Mo Ayush for the prevention of the healthy,etc. The government also should be prepared a timeframe roadmap for the progressive development of Ayurvedic education and research. Science-based approaches may be promoted, utilized, and inculcated in the

education of Ayurveda like traditional Chinese medicine (TCM).

Development of Ayurvedic Pharma sector and Quality control

The drug manufacturing industries and other supporting industries play important role in the development of Ayurvedic medicine. The whole supporting system, i.e., raw material collectors, dealers, processing and manufacturing industries, Ayurveda practitioners, and consumers must be encouraged. Around 1100 medicinal plants are used as medicine and among them at least 60 plants are of great demand.

Upgradation of Ayurveda literature

Ayurveda is continuously facing constraints and difficulties from regulatory authorities and the scientific community, which is coming in the way of its global acceptance.

Combination of Ayurveda and Western medicine

No doubt, Indian system of medicine has already received much attention in academic fields. The popularity of Ayurveda is mainly due to its therapeutic efficiency against most chronic diseases where modern medicines are ineffective.

Role of Ministry of AYUSH



There have be an apparent change seen in the people for the shift from the disease cure oriented services to the health maintenance services where people are now going towards the preventive health care from diseases that is making body strong and with improved immunity to have a healthy life, post COVID-19 crisis.

The Ministry of Ayush is marching towards for the evidence based medicine of the Ayurveda counterpart. and reform in education systems, research and public health.

The Economic sector and its challenges

The herbal sector has got rise by four fold in its export orders since the pandemic, Positive growth >25% in the sales graph which is a boost for the companies to advertise more of the

AYUSH systems post-pandemic : The health and wellness tourism, immunity boosting from traditional medicines areas are going to see a exponential growth in its graph. The Keraliya Ayurveda tourism model is likely to benefit. The estimated growth of global market from $ 4.5 billion in 2017 $14.9 billion in 2026. This will certainly need to develop enterpreneurs in Ayurveda need and resurgence of interest toward traditional medicine so to convert this opportunity into reality. The Raw ingredients of *Ayurvedic* medicine are another challenge which needs to be taken with utmost priority to enable the industries provides quality medicines.

Materials and methods:

Literary study of Janapadodhwamsa thoroughly including classical treatises like Charak Samhita, Sushruta Samhita of Ayurveda was done. For contemporary review Standard textbooks of epidemiology were used for the study. Information is collected through WHO reports; pub-med, Scopus indexed journals. Approximate Modern terminology for the Ayurvedic terms was used according to CCIM, India

Discussion:

Prima facie, still there is no specific, evidence based and effective remedy available as yet to cure the COVID-19. Hence, preventive strategies are of prime significance. Ayurveda's prevention management like *Sadvritta* (habit of right onduct), daily regimen, seasonal regimen, *Panchkarma* (body purification), rejuvenation therapy, immune enhancer therapies. These are able to play a crucial role in prevention of communicable diseases. In Indian culture many health restoring and disease preventing aspects are in their culture. This may be a cost-effective choice in preventing the spread of the COVID-19 and many more infectious diseases. *Atmanirbhar bharat* is certainly important for us and the best way towards opening new dimensions of *Ayurveda* in India by its worldwide promotion and propagation.

Ayurveda has enough potential and possibilities to be employed both for prevention and treatment of COVID-19. This will provide an important opportunity for learning and generating credible evidence. It is pertinent to reiterate that participation of Ayurveda in addressing the COVID-19 challenge in India should not remain limited and seen as the extension of healthcare services and support to bio-medical system. Indeed, with adequate monitoring and data keeping during the implementation, important lessons and research directions are likely to emerge on the management of increasingly frequent and virulent communicable diseases. Implementation of proposed action is likely to provide evidence-based insights strengthening the scope of Ayurveda beyond preventive health care and care for non-communicable diseases.

AYUSH system across the country has been put on alert for being called anytime to serve the nation. AYUSH healthcare facilities are also being readied to be converted into quarantine facilities in times of need. From this perspective, implementing the suggested intervention plan within AYUSH healthcare facilities by Ayurveda workforce may benefit the nation greatly. India is the country where the world's oldest living health care system originated and therefore it is being carefully watched by the world community for how it handles the crisis using its own resources. China has done it. And it is India's turn now to show its traditional healthcare mighty help.

Conclusion:

"PREVENTION IS BETTER THAN CURE"

We can conclude that the post pandemic, *AYUSH/Ayurveda* is gearing up to cater the health care services in terms of wellness and preventive health. Also, the Ministry of AYUSH is committed in propagating advocacies on healthy lifestyle and use of common herbs and Yoga to make India self dependent in terms of Health. We the independent people of India, can contribute to the *Atmanirbhar Bharat* dream w.r.t. health by opting our own "Ancient Ayurveda principles for Preventive and curative aspect" along with the recent advances too and finally be Independent in the Health sector.

References:

1. https://www.who.int/emergencies/diseases/novel-coronavirus-2019 (Retrieved on 29/08/2020)
2. https://www.ayush.gov.in/docs/ayurveda.pdf (Retrieved on 28/08/2020)
3. Agnivesha, Sharma RK and Dash B. Charaka Samhita, Chaukhambha Sanskrita Series, Varanasi.
4. Shashtri Ambikadatta, Ayurved Tatva Sandipika Hindi commentary on Sushruta Samhita, Published by Chaukhambha sanskrita samsthan, Varanasi
5. Goswami DK, COVID-19: IN THE LIGHT OF SUSRUTA SAMHITA KALPASTHANA, European Journal of Biomedical AND Pharmaceutical sciences, Volume 7, Issue 5,625-627
6. Goswami A, Barooch PK, Sandhu JS. Prospect of herbal drugs in the age of globalization– Indian scenario. J Sci Ind Res. 2002;61:423–43.
7. Mishra S, Gupta AK, Kedar LM. Concept of research methodology in Ayurveda. Int Ayurvedic Med J. 2013;1:1–5.
8. Patwardhan B, Warude D, Pushpangadan P, Bhatt N. Ayurveda and traditional Chinese medicine: A comparative overview. Evid Based Complement Alternat Med. 2005;2:465–73.
9. Rastogi S et al., COVID-19 pandemic: A pragmatic plan for ayurveda intervention, J Ayurveda Integr Med, https:// doi.org/10.1016/j.jaim.2020.04.002
10. Sudha VB, Ganesan S, Pazhani GP, Ramamurthy T, Nair GB, Venkatasu bramanian P. Storing drinking-water in copper pots kills contaminating diarrhoeagenic bacteria. J Health Popul Nutr. 2012;30:17–21.

परिषद् समाचार

धन्वन्तरि प्रकाशोत्सव पूरे देश में धूम–धाम से मनाया गया। सभी राज्यों में विभिन्न स्थानों पर विश्व आयुर्वेद परिषद् के तत्वावधान में आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धन्वन्तरि जयन्ती का विस्तृत कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। व्याख्यान, प्रश्नोत्तरी, जन जागरण, हवन, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण आदि कार्यक्रमों के माध्यम से जनता एवं समाज के मध्य धन्वन्तरि पूजा का विशेष महत्व रहा। लगभग सभी प्रदेशों से इस प्रकार के समाचार प्राप्त हुए, जिनमें सरकारी, निजी चिकित्सालयों नर्सिंग होम, आयुर्वेद महाविद्यालय आदि सम्मिलित थे। पूरे विश्व की स्वास्थ्य कामना का उद्देश्य लेकर इस कोरोना काल में अधिकतर कार्यक्रम आनलाइन के माध्यम से हुए।

धन्वन्तरि जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

धन्वन्तरि जयन्ती एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर एक आभासी राष्ट्रीय संगोष्ठी को दिनांक 13 नवम्बर को आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें सम्पूर्ण भारतवर्ष से परिषद् के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, चिकित्सकों एवं छात्र–छात्राओं ने सहभाग लिया। इस कार्यक्रम में सर कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ माननीय भैया जी जोशी एवं वैद्य जयन्त देव पुजारी, अध्यक्ष बोर्ड ऑफ गवर्नस, सी.सी.आई.एम., नई दिल्ली की गरिमामयी उपस्थिती रही। माननीय भैया जी जोशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आयुर्वेद के विद्यालयों के अतिरिक्त देश की अन्य शिक्षण संस्थाओं में भी भारतीय जीवन शैली, आहार–विहार एवं स्वास्थ्यप्रद दिनचर्या विषय में जानकारी प्रस्तुत करना बहुत महत्वपूर्ण है। इस कार्य में सरकार के द्वारा यदि कोई कार्यक्रम हो सके तो बहुत अच्छा रहेगा। लेकिन यदि शासन इस और कार्य न करें, तो भी परिषद को इस कार्य को प्राथमिकता से अपने हाथ में लेना चाहिए। जब आयुर्वेद की स्वीकार्यता बढ़ेगी तो आयुर्वेद और संगठन का दायित्व भी बढ़ेगा यह बहुत बड़ी चुनौती है। इसके लिए भी देश के नेतृत्व को और संगठन को पूर्णतया तैयार होना चाहिए। आयुर्वेद औषधि निर्माण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण विचार करना होगा। देश की जनसंख्या के अनुपात में आवश्यक औषधियों के लिए वनस्पतियो की जो, आज उपलब्धता है यदि वह कम है तो उसके लिए क्या उपाय करना चाहिए, एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। देश के किस क्षेत्र में किस औषधि का उत्पादन होगा, इसका विचार करते हुए शासन को नीति बनानी चाहिए। संगठन को इस दृष्टि से भी अपने परामर्श समय–समय पर सरकार और जनता को देते रहना चाहिए। कार्यक्रम में सी.सी.आई.एम. के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन वैद्य जयंत देवपुजारी जी का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। श्री पुजारी जी ने सभी कार्यकर्ताओं को अपने अध्ययनशीलता को सदैव जागृत रखने का आग्रह किया। जिससे कि आयुर्वेद की पुरातन परंपरा और प्रखर रूप से लोगों के सामने आ सके। कार्यक्रम के प्रारंभ में वक्ताओं तथा विश्व आयुर्वेद परिषद का संक्षिप्त परिचय एवं स्वागत प्रोफेसर योगेश चंद्र मिश्र के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर महेश कुमार व्यास द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रो0 अश्विनी भार्गव राष्ट्रीय महामंत्री, विश्व आयुर्वेद परिषद्, के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

धन्वंतरि जयन्ती एवं आयुर्वेद दिवस समारोह का आयोजन लखनऊ में सम्पन्न

विश्व आयुर्वेद परिषद अवध क्षेत्र एवं लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित धन्वनतरि पूजन कार्यक्रम। योगी पाइल्स एवं पंचकर्म सेन्टर इन्दिरा नगर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वैद्य अजय दत्त शर्मा, वैद्य वाचस्पति त्रिवेदी, वैद्य बृजेश गुप्ता, डॉ0 बी.पी. सिंह, डॉ0 मनदीप जायसवाल, डॉ0 अरूण कुमार पाणिग्रही, डॉ0 पंकज श्रीवास्तव, डॉ0 पंकज सिंह का विशेष सहयोग रहा।

भगवान धन्वन्तरि प्रकाशोत्सव, डॉ. गंगा सहाय पाण्डेय स्मृति व्याख्यान एवं अखिल भारतीय आयुर्वेद स्नातक छात्र निबन्ध प्रतियोगिता–2020 का पुरस्कार वितरण समारोह

विश्व आयुर्वेद परिषद के तत्वावधान में भगवान धन्वन्तरि प्रकाशोत्सव, डॉ. गंगा सहाय पाण्डेय स्मृति व्याख्यान एवं डॉ. गंगा सहाय पाण्डेय स्मृति आयुर्वेद स्नातक छात्र निबन्ध प्रतियोगिता–2020 का पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 12/11/2020 को ऑन लाइन माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ परिषद् गीत, धन्वन्तरि वन्दना, दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। स्वागत भाषण डॉ. सुरेंद्र चौधरी, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश इकाई विषय प्रस्तावना डॉ. कमलेश कुमार द्विवेदी; मंच संचालन डॉ. अनुराधा राय एवं डॉ. मनीष मिश्र ने किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. अनुप ठाकर ने कोविड के कारण होने वाले परिवर्तन एवं उनसे बचाव के ऊपर ध्यान आकर्षित कराया। सारस्वत अतिथि प्रो. बलदेव कुमार धीमान, कुलपति, श्री कृष्ण आयुर्वेद विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने छात्रों का आह्वान करते हुए कोविड काल में आयुर्वेद से चिकित्सा प्रोटोकोल का सम्पूर्ण विवरण देते हुए इसके उपयोग करने की सलाह दी। प्रो. करतार सिंह धीमान, डायरेक्टर जनरल, सी. सी.आर.एस., नई दिल्ली ने कोविड काल में आयुर्वेद के नये आयाम विषय पर प्रस्तुति करते हुए बताया कि आने वाला समय काफी कठिन होगा, जिसमें हमको आयुर्वेद को अपनाते हुए अपने जीवन शैली में भी सकारात्मक परिवर्तन करना होगा। उन्होंने देश भर में हो रहे शोधो के बारे में ध्यान दिलाते हुए अद्यतन विकसित एवं परीक्षित आयुर्वेद औषधियों की चर्चा तथा उपयोग पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, आरोग्य भारती एवं समन्वयक विश्व आयुर्वेद परिषद ने छात्रों को इस कोविड काल में होने वाले आर्थिक, सामाजिक चिकित्सकीय परिवर्तनों एवं परिणामों से अवगत कराते हुए समाज के हर वर्ग को इसके लिए कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ0 सत्येन्द्र प्रसाद मिश्र, सदस्य मार्गदर्शक मण्डल ने भावी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। प्रोफेसर योगेश चंद्र मिश्र, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, विश्व आयुर्वेद परिषद ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर छात्रों को एकजुट होकर कार्य करने की सलाह दी। डॉक्टर पीयूष त्रिपाठी ने गंगा सहाय पाण्डेय के वृत्त का वाचन किया। कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विजय राय, महासचिव, विश्व आयुर्वेद परिषद उत्तर प्रदेश ने किया।

प्रथम पुरस्कार स्वरूप स्वर्ण पदक एवं रुपये 15000/– नगद श्री दिवस कुमार सेठी, नार्थ ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद, शिलांग; कुमारी अनन्या सेन, गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय, पुरी को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप रजत पदक एवं रूपये 11000/– एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप कांस्य पदक एवं रुपये 7500/– कुमारी मृदुलिका, शिवालिक आयुर्वेद संस्थान, देहरादून को प्राप्त हुआ।

धन्वंतरि जयन्ती एवं आयुर्वेद दिवस समारोह, प्रयागराज में आयोजन सम्पन्न

आज दिनांक 23/11/2020 को विश्व आयुर्वेद परिषद, प्रयागराज द्वारा महर्षि भारद्वाज जी के जयंती के शुभ अवसर पर काटजू की बगिया में एक समारोह का आयोजन करोना प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए किया गया। इस अवसर पर हेमंत ऋतु में होने वाले सामान्य रोग एवम् उनका आयुर्वेदिक उपचार विषय पर मुख्य अतिथि डॉक्टर पी एस पांडेय जी का व्याख्यान हुआ। अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर एस.एस. उपाध्याय ने महर्षि भारद्वाज के गुण का वर्णन करते हुए सभी चिकित्सकों से आगे बढ़कर रोगियों की चिकित्सा करने का आह्वान किया। सभा में डॉक्टर शंकर मिश्रा, डॉक्टर एस. सी. दूबे, डॉक्टर जे. नाथ मिसेज ममता मिश्रा ने भी अपने–अपने बिचार व्यक्त किए। सभा का संचालन सचिव डॉक्टर मिथिलेश धर दूबे ने किया। सभा में संघ नगर कार्यवाह बी एस द्विवेदी की भी उपस्थिति रही।

काशी में धन्वन्तरि कूप पर गुँजी वेद ऋचाएँ

राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस पर आयुर्वेद की वैज्ञानिक संगोष्ठी धन्वन्तरि जयन्ती 2020 एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर दिनांक 11 नवम्बर 2020 को महामृत्युन्जय मन्दिर परिसर (दारानगर) स्थित धन्वन्तरि अमृत कूप एवं धनवन्त्रेश्वर महादेव पर राष्ट्र के सुखद स्वास्थ्य के निमित्त विभिन्न चिकित्सा संगठनों ने वैदिक ऋचाओं के साथ भगवान धन्वन्तरि का पूजन अर्चन एवं हवन किया गया। यजमान डा0 हरिओम पाण्डेय, डा0 सुभाष श्रीवास्तव एवं डा0 यू0 एस0 भगत थे। हवन यज्ञ में आयुष संगठन की ओर से डा0 एस0 के0 श्रीवास्तव, डा० लालजी गुप्ता, डा० दिनेश सिंह एवं वैद्य सभा की ओर से वैद्य वेद कुमार शर्मा , डा0 के0 पी0 प्रकाश, डा० एस0 एस0 गांगुली, प्राकृतिक चिकित्सा से डा0 एस0 डी0 यादव, डा0 आर0 जे0 पाल, डा0 राजेश मौर्या, डा0 सबलू यादव तथा विश्व आयुर्वेद परिषद से वैद्य के0 के0 द्विवेदी, वैद्य विजय कुमार राय, वैद्य मनीष मिश्र एवं वैद्य उमेश दत्त पाठक तथा आरोग्य भारती (काशी प्रान्त) से डा0 सुनील जी, डा० विपुल जी, डा0 इन्द्रनील बसु ने हवन कुण्ड में अपनी–अपनी श्रद्धा की आहुतियाँ डाली। काशी एवं राष्ट्र के श्री स्वास्थ्य के निमित्त पूजन–अर्चन के पश्चात् उक्त स्थान पर आयुर्वेद की वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक आयुर्वेदाचार्य डा0 सुभाष श्रीवास्तव ने किया और कहा कि आज आयुर्वेद तेजी से करोना काल में भी अपनी कार्य क्षमता के कारण विश्व व्यापी हो रहा है। अतः वैद्य समाज को पूरी निष्ठा से इसके उत्थान में समर्पित होना होगा। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में आयुष लक्षद्वीप के पूर्व निदेशक डा0 शिवशंकर मिश्रा ने कहा कि यह धन्वन्तरि कूप दुनिया का अकेला है। इसी कूप में भगवान धनवन्तरि ने स्वर्ग गमन से पूर्व अपनी औषधि पेटिका डाली थी और जल को सर्वरोग हर बनाया था । अतः यह स्थान आयुर्वेद जगत को सदियों को ऊर्जा एवं प्रेरणा देता रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैद्य सभा के संरक्षक वैद्य कुशल नाथ शर्मा ने किया। संचालन वैद्य ध्रुव कुमार अग्रहरि, विषय संयोजन डा0 नन्द किशोर सिंह एवं धन्यवाद प्रकाश डा0 विरेन्द्र सिंह ने किया।

धन्वंतरि जयन्ती एवं आयुर्वेद दिवस समारोह का आयोजन सम्पन्न

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ आयुएवेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल, चुनार, मीरजापुर में धन्वन्तरि जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एपेक्स के चेयरमैन डॉ एसके सिंह, डीन प्रो सुनील मिस्त्री प्रधानाचार्य यशवंत चौहान, विभागाध्यक्ष डॉ0 ए.के. सोनकर की उपस्थिति में मुख्य अतिथि प्रो. के. के. द्विवेदी सदस्य बोर्ड ऑफ गवर्नर सीसीआईएम, डॉ0 विजय राय, महा सचिव विश्व आयुर्वेद परिषद् एवं प्रो राजीव शुक्ला, काशी अध्यक्ष विश्व आयुर्वेद परिषद् द्वारा कॉलेज प्रांगण में भगवान् धन्वन्तरि की मूर्ति का अनावरण किया गया इसी क्रम में आयोजित कोविड प्रबन्धन में आयुर्वेद के योगदान विषय पर एक सगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो के के द्विवेदी, डॉ0 विजय कुमार राय एवं डॉ0 राजीव शुक्ला ने अपने व्याख्यान में 5000 वर्ष पुरानी आयुर्वेद विधा के महत्व को बताते हुए कोविड प्रबन्धन एवं बचाव में प्रयुक्त होने वाली औषधियों एवं आयुर्वेद विधा की अत्यंत महत्वपूर्ण नियमित दैनिकचर्या द्वारा स्वास्थ्य लाभ पर प्रकाश डालते हुए आयुर्वेद के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों के विषय में छात्रों को अवगत कराया। कॉलेज के क्रियाशारीर के विभागाध्यक्ष प्रो ए. के. सोनकर द्वारा आयुर्वेद के शैक्षिक पहलू की व्याख्या की गई। चेयरमैन डॉ एस. के. सिंह द्वारा मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर आभार प्रकट किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. यशवंत चौहान ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के आयुर्वेद एवं फार्मेसी कॉलेज के छात्र छात्राओं सहित प्रो अमित सिंह, प्रो. सुभाष गुप्ता, प्रो. वीरेंदर कुमार, प्रो. वंदना विद्यार्थी डॉ. आभा, डॉ आशीष, डॉ रणविजय, डॉ रोमेश, डॉ विनीता, डॉ रजनीश पाठक, डॉ. आशीष चंद, डॉ अरविन्द गौतम, डॉ सिद्धार्थ, डॉ. वीना, डॉ. रफीक सहित हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहे। धन्वन्तरि जयंती एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के कार्यक्रम का सम्पूर्ण संयोजन एवं संचालन ट्रस्ट इंस्टिट्यूट के डीन प्रो सुनील मिस्त्री द्वारा किया गया।